दिनांक- 14.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 554/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 14.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

  महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 14.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 553/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता एवं अनुशासन को परखा, ऑर्डली रूम में पत्रावलियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाए रखने के साथ-साथ ड्यूटी के दौरान उच्च स्तर की परिचालन दक्षता एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।
- साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिसकर्मियों की टोलीवार दौड़ एवं ड्रिल कराई गई। दौड़ एवं ड्रिल के माध्यम से पुलिस बल की शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता, टीमवर्क, अनुशासन एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का जायजा लिया गया। पुलिसकर्मियों को नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम एवं प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयं को फिट रखने तथा विषम परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।
- पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल पुलिसकर्मियों की वर्दी, टर्नआउट एवं अनुशासन का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान अनुशासन, समयबद्धता, सतर्कता एवं उच्च कार्यक्षमता बनाए रखने के साथ ही आमजन के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आदेश कक्ष में ऑर्डली रूम आयोजित किया गया। ऑर्डली रूम के दौरान अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संबंधित पत्रावलियों का अवलोकन करते हुए लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों से प्रकरणवार जानकारी प्राप्त कर लंबित मामलों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों एवं पत्रावलियों का नियमानुसार समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। साथ ही अधीनस्थ पुलिसकर्मियों की समस्याओं एवं प्रकरणों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता, अनुशासन एवं जवाबदेही को मजबूत बनाए रखना विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। नियमित परेड, प्रशिक्षण एवं पत्रावलियों की समीक्षा के माध्यम से पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने तथा पुलिसिंग की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।




दिनांक- 14.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 555/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़- थाना पनवाड़ी

## थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

थानाध्यक्ष थाना पनवाड़ी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 कमल सिंह मय हमराह उ0नि0 सुधीर कुमार, का0 राममिलन सिंह एवं का0 कलीम खान द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त ललित उर्फ बाबा पुत्र चन्द्रभान, उम्र 22 वर्ष, निवासी नौगांव फदना रोड, कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना पनवाड़ी पर मु0अ0सं0 135/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

ललित उर्फ बाबा पुत्र चन्द्रभान, उम्र 22 वर्ष, निवासी नौगांव फदना रोड, कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।

### बरामदगी-

एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 कमल सिंह, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।
2. उ0नि0 सुधीर कुमार, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।
3. का0 राममिलन सिंह, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।
4. का0 कलीम खान, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।



दिनांक- 14.08.2026
प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 557/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर- थाना खन्ना

## थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.08.2026 अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के कुशल नेतृत्व में थाना खन्ना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

थानाध्यक्ष खन्ना श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम के उ0नि0 श्यामजी यादव मय हमराह रि0कां0 अजय यादव द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त दशरथ पुत्र नत्थू केवट निवासी ग्राम खम्हरिया थाना खन्ना जनपद महोबा सम्बन्धित अ0सं0 64/2011 धारा 323,504 भादवि0 में मा0 न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन, महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम बरभौली के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए वारण्टी अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

दशरथ पुत्र नत्थू केवट निवासी ग्राम खम्हरिया थाना खन्ना जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1.उ0नि0 श्यामजी यादव

2.रि0का0 अजय यादव



दिनांक- 14.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 557/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर- थाना कबरई

## मिशन शक्ति केन्द्र थाना कबरई की सक्रियता से गुमशुदा युवती सकुशल बरामद, काउंसिलिंग उपरांत इच्छानुसार पति के साथ भेजा गया...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के नेतृत्व में थाना कबरई पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सराहनीय कार्य किया गया।

आवेदक सुरेश निवासी ग्राम सुरहा, थाना कबरई, जनपद महोबा द्वारा अपनी पुत्री संध्या के कहीं चले जाने के संबंध में गुमशुदगी संख्या 23/2021 पंजीकृत कराई गई थी।

उक्त प्रकरण में सक्रिय कार्यवाही करते हुए दिनांक 14.08.2026 को थाना कबरई पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा संध्या की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम व थाना मटौंध, जनपद बांदा पहुंचकर उसे सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी के दौरान संध्या अपने पति झंडू पुत्र देवा निवासी कस्बा व थाना मटौंध, जनपद बांदा के साथ मौजूद मिली।

पूछताछ में संध्या द्वारा बताया गया कि उसने घर में बिना किसी को बताए झंडू पुत्र देवा के साथ विवाह कर लिया था। विवाह के समय उसकी उम्र लगभग 21 वर्ष थी और वह बालिग थी। वर्तमान में उसके दो बच्चे हैं तथा वह अपने पति के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही है।

उक्त पूछताछ के दौरान गुमशुदा संध्या के पिता सुरेश भी मौके पर मौजूद रहे, जिनके द्वारा किसी प्रकार की आपत्ति प्रकट नहीं की गई।

थाना कबरई पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए गुमशुदा संध्या को उसके पति के साथ ससम्मान भेजा गया। पुलिस टीम की सक्रियता एवं सतत प्रयासों से गुमशुदगी के प्रकरण का संतोषजनक निस्तारण किया गया।

**बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 आकाश मौर्या

2.कां0 कुंवर पाल

3.रि0म0आ0 डिम्पी



**दिनांक- 14.08.2026**

**प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 558/26**

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन मे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा जनपद में व्यापक चेकिंग एवं पैदल गश्त...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महोबा पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस बल के साथ तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार द्वारा थाना कुलपहाड़ पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में होटल, ढाबों, रेलवे स्टेशन, मुख्य मार्गों, चौराहों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। साथ ही पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान होटल एवं ढाबों में आने-जाने वाले व्यक्तियों तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। रेलवे स्टेशन एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में भी पुलिस टीमों द्वारा भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग करते हुए आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्यवाही की गई।

स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगातार सतर्क निगरानी रखी जा रही है। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं आवागमन वाले मार्गों पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

महोबा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दें तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

महोबा पुलिस द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने हेतु निरंतर सतर्कता, चेकिंग एवं गश्त की जा रही है।






दिनांक- 14.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 556/26

# महोबा पुलिस

## 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर महोबा पुलिस का नागरिकों को खास तोहफा
## “आजादी का पर्व, अपनों का मोबाइल घर वापस” “ऑपरेशन रिंग रिटर्न” के तहत
## 80 गुम/खोए मोबाइल बरामद, ₹21 लाख की संपत्ति वास्तविक स्वामियों को लौटाई...

महोबा पुलिस द्वारा 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों को विशेष सौगात देते हुए “ऑपरेशन रिंग रिटर्न” के अंतर्गत 80 गुम एवं खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग ₹21 लाख है।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन एवं प्रभावी नेतृत्व में जनपद महोबा में गुम एवं खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु विशेष अभियान “ऑपरेशन रिंग रिटर्न” संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जनपदीय सर्विलांस सेल, साइबर थाना तथा जनपद के समस्त थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा आपसी समन्वय एवं आधुनिक तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

अभियान के दौरान CEIR पोर्टल पर प्राप्त ट्रेसेबिलिटी विवरण, प्राप्त शिकायतों तथा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर विभिन्न स्थानों पर लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की गई। पुलिस टीमों के अथक प्रयास, तकनीकी दक्षता एवं बेहतर समन्वय के परिणामस्वरूप कुल 80 गुम/खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ₹21 लाख है।

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन महोबा में आयोजित समारोह में बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत सुपुर्द किए गए। लंबे समय बाद अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरों पर खुशी, संतोष एवं राहत स्पष्ट रूप से दिखाई दी। नागरिकों द्वारा महोबा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की संवेदनशीलता, तकनीकी दक्षता एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की गई।

“आजादी का पर्व, अपनों का मोबाइल घर वापस”

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 80 मोबाइल फोन की वापसी महोबा पुलिस की जनसेवा, संवेदनशील पुलिसिंग और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है। यह अभियान न केवल खोई हुई संपत्ति को उसके वास्तविक स्वामियों तक वापस पहुंचाने का प्रयास है, बल्कि नागरिकों और पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

इस उल्लेखनीय सफलता में जनपदीय सर्विलांस सेल, साइबर थाना, समस्त थाना प्रभारियों एवं साइबर हेल्प डेस्क का विशेष योगदान एवं समन्वित प्रयास रहा।

